>

Title: Need to provide facilities to the Sarva Dharma Yatra, a delegation consisting of all the religious groups for the development of peace and harmony.

श्री रामानन्द सिंह (सतना): महोदय, मेरा शून्य-काल की सूचना का विषय इस प्रकार है। सामाजिक न्याय के लिए सर्व-धर्म प्रतिनिधि मंडल द्वारा उड़ीसा एवं बिहार के लिए एक यात्रा कल दिनांक १० मार्च, १९९९ को नई दिल्ली से रवाना हुई। इस प्रतिनिधि मंडल में प्रसिद्ध समाजसेवी स्वामी अग्निवेश, इस्लामिक विद्वान मौलाना बहीदुद्दीन, सेन्ट स्टीफंस कालेज के शिक्षक रेवरेन्द्र बालसम शम्भु, डा. ए.के. मर्चेन्ट और डा. महेन्द्र सिंह जैसे विद्वान शामिल हैं। यह यात्रा स्वस्थ समाज का निर्माण करने, हिंसा फैलाने वाली ताकतों को रोकने तथा अमन पसंद लोगों का मनोबल बढ़ाने एवं धर्म को स्वार्थी लोगों के हाथों से बचाने के उद्देश्य से की जा रही है। यात्रीगण उड़ीसा में ईसाई मिशनरी ग्राहम स्टीवर्ड स्टेन्स एवं उनके दो बेटों की हत्या वाले स्थल पर जाएंगे। तत्पश्चात बिहार में दलितों के सामूहिक नरसंहार के स्थलों पर भी जाकर साम्प्रदायिक व सामाजिक सौहार्द का वातावरण बनाएंगे। इस सर्व-धर्म यात्रा में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध आदि सभी धर्मों के लोग हैं।

मेरी भारत सरकार से प्रार्थना है कि इस सर्व-धर्म यात्रा को सभी सुविधाएं प्रदान करें तथा सामाजिक सदभाव की इस यात्रा का अभिनंदन किया जाना चाहिए।